दैनिक
# गुरूज्योति पत्रिका

GET IT ON Google Play

सत्य का पुजारी हूं, भले ही छोटा ही सही, असत्य मेरे सामने टिकेगा नहीं

Available on the App Store

छोटी-बड़ी खबरे...

### महुआ मोइत्रा के समर्थन के बाद बोले थरूर- मैं जो कुछ भी ट्वीट करता हूं वह मेरी निजी राय



गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने गुरुवार को ट्वीट करके अपने उस बयान को निजी राय बताया है, जिसमें उन्होंने महुआ मोइत्रा का समर्थन किया था। थरूर ने गुरुवार को कहा कि %मैं जो कुछ भी ट्वीट करता हूं वह मेरी निजी राय है।% काली फिल्म को लेकर उठा विवाद सियासी रंग ले रहा है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा में मां काली को लेकर टिप्पणी की थी। उनके बयान का कांग्रेस नेता शशि थरूर ने समर्थन किया था। महुआ मोइत्रा के खिलाफ इस मामले में एफआईआर भी दर्ज हुई है, इसके बाद अब कांग्रेस नेता थरूर का भी विरोध हो रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता शशि थरूर ने गुरुवार को ट्वीट करके अपने उस बयान को निजी राय बताया है, जिसमें उन्होंने महुआ मोइत्रा का समर्थन किया था। उनका यह बयान तब आया है जब तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की देवी काली पर उनके ट्विटर पोस्ट को उनकी पार्टी द्वारा %व्यक्तिगत राय% बताया गया था। इसके एक दिन बाद कांग्रेस नेता शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि %मैं जो कुछ भी ट्वीट करता हूं वह मेरी निजी राय है।%

### अब जयपुर में भी गला काटने की धमकी, सोशल मीडिया पर मैसेज फारवर्ड किया तो घर पहुंचे लोग



गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर

अमरावती और उदयपुर के बाद अब जयपुर में भी सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने पर एक युवक को जान से मारने की धमकी मिली है। जिसके चलते उसने राजस्थान हाईकोर्ट से कोर्ट सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं युवक के खिलाफ उदयपुर घटना के सोशल मीडिया ग्रुप पर आपत्तिजनक मैसेज फारवर्ड करने पर मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस पर हाईकोर्ट ने पीड़ित की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित राजस्थान हाईकोर्ट ने अधिवक्ता का मुंशी है। पीडित ने अपनी जान का खतरा बताते हुए पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा था। जिसमें कहा था कि उसके घर के बाहर कुछ लोग घूम रहे हैं जिनसे उसकी जान को खतरा है। कोर्ट ने मुंशी के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तारी पर भी रोक लगाते हुए जांच में सहयोग करने के आदेश दिए हैं। मानसरोवर थाने में अधिवक्ता नदीक कदीर ने 3 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसमें सांगानेर निवासी मुंशी विक्रम उर्फ विक्की पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर फारवर्ड करने के आरोप लगाए। पुलिस ने आइपीसी की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसी बीच मुंशी विक्रम ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर कहा कि उसके घर के बाहर चार लोग पता पूछने के बहाने आए। इसी के साथ कुछ अन्य लोग भी दिखाई दिए हैं जिनसे उसकी जान को खतरा है। इसके बाद विक्रम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर उसके खिलाफ दर्ज एफआइआर रद्द करने के साथ सुरक्षा की गुहार की।

वाराणसी में पीएम मोदी बोले

# शॉर्टकट से देश का भला नहीं होता, हां कुछ नेताओं का हो सकता है

गुरूज्योति पत्रिका/वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपने मुझे अपना सांसद बनाकर सेवा का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि काशी ने एक ऐसी तस्वीर देश को दिखाई है जिसमें विरासत भी है और विकास भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को 1700 करोड़ से ज्यादा की सौगात दी। सिगरा स्टेडियम से उन्होंने 43 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इससे पहले अक्षय पात्र रसोई का उद्घाटन और नई शिक्षा नीति पर आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम का शुभारंभ किया। सिगरा स्पोर्टस स्टेडियम में जनसभा की शुरुआत पीएम मोदी ने हर-हर महादेव के उद्घोष के बाद भोजपुरी में की। सात वार और नौ त्योहार का जिक्र कर काशी की जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि काशी की आत्मा अविनाशी है, लेकिन काया में निरंतर नवीनता लाने के लिए हम जी-जान से प्रयास कर रहे हैं। हमारा प्रयास काशी को और ज्यादा गतिशील, प्रगतिशील और संवेदनशील बनाने का है। पीएम मोदी ने कहा कि काशी के जागरूक नागरिकों ने जिस तरह देश को दिशा देने वाला काम किया है, उसे देखकर मैं आनंदित हूं। काशी के नागरिकों ने पूरे देश को संदेश दे दिया है कि शॉर्टकट से देश का भला नहीं हो सकता। हां कुछ नेताओं का हो सकता है। लेकिन न जनता का भला होता है और न ही देश का भला होता है। आज हम देख रहे हैं कि जब दुरगामी प्लानिंग होती है तो किस तरह नतीजे भी निकलते हैं। पिछले 8 वर्षों में काशी का इंफ्रास्ट्रक्चर कहां से कहां पहुंच गया है। इससे किसान, मजदूर, व्यापारी सभी को लाभ हो रहा है। व्यापार बढ़ रहा है, कारोबार बढ़ रहा है, पर्यटन में विस्तार हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए विकास का अर्थ सिर्फ चमक-धमक नहीं है। हमारे लिए विकास का अर्थ है गरीब, दलित, वंचित, पिछड़े, आदिवासी, माताएं और बहनें इन सभी का सशक्तिकरण। आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वाराणसी के 600 से अधिक गरीब परिवारों को अपना पक्का घर मिला है। जिन साथियों के घर का सपना आज पूरा हुआ है, उनको बहुत बहुत बधाई। हर गरीब परिवार को पक्का घर देना और हर ग्रामीण परिवार को पाइप के पानी से जोड़ने के संकल्पों पर हम तेजी से काम कर रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत दर्जनों पानी की परियोजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। इससे हजारों परिवारों को और खास कर बहनों को बहुत सुविधा होगी।

## 2014 से पहले लोग कहते थे, कैसे होगा



काशी में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और सुंदरीकरण से जुड़ी परियोजनाएं पूरी हो चुकी है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे याद है 2014 में आने के बाद काशी में बाहर से आने वाले लोग सवाल करते थे कि यहां इतना ज्यादा अव्यवस्थित है ठीक कैसे होगा। बनारस में जहां नजर डालों, बदलाव की जरूरत नजर आती थी। साफ लगता था कि बनारस के विकास में दशकों से कोई काम हुआ ही नहीं। लोगों को यह दे दो, वह दे दो...इससे ज्यादा उसकी सोच आगे जाती ही नहीं थी। लोग यही सोचते थे कि कौन इतनी मेहनत करे। लेकिन आज यहां के विकास को दुनिया देख रही है। अपनी काशी को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश और दुनिया से बाबा भक्त भारी संख्या में काशी आने वाले हैं। विश्वनाथ धाम परियोजना पूरी होने के बाद ये पहला सावन उत्सव होगा। विश्वनाथ धाम को लेकर पूरी दुनिया में कितना उत्साह है ये आपने बीते महीनों में खुद अनुभव किया है। सावन के दौरान यहां बाबा के भक्तों को दिव्य, भव्य और नव्य काशी का भी अनुभव मिलेगा। दुनिया भर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को काशी में आस्था और आध्यात्म का निर्बाध अनुभव मिले ये हम सभी का कमिटमेंट है।

## काशी ने पूरे देश को दिखाई विरासत और विकास की तस्वीर

इससे पहले संबोधन की शुरुआत में पीएम मोदी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के लोगों ने और मेरी काशी के लोगों ने जो समर्थन दिया, उमंग और उत्साह के साथ मेरा जो साथ दिया। इसलिए मैं आज जब चुनाव के बाद पहली बार आपके बीच आया हूं तो आदरपूर्वक काशीवासियों का, उत्तर प्रदेश के वासियों के धन्यवाद करता हूं। दिव्य, भव्य, नव्य काशी में पिछले 8 वर्षों से विकास का जो उत्सव चल रहा है आज उसको हम एक बार फिर गति दे रहे हैं। काशी हमेशा से जीवंत निरंतर प्रवाहमान रही है। अब काशी ने एक तस्वीर पूरे देश को दिखाई है जिसमें विरासत भी है और विकास भी है। काशी में एक प्रोजेक्ट खत्म होता है, तो चार नए प्रोजेक्ट शुरू हो जाते हैं। आज भी काशी में 1,700 करोड़ रुपये के दर्जनों प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

## सरकार ने आपकी सेवा का कोई अवसर नहीं छोड़ा

पीएम मोदी ने कहा कि मैं वाराणसी की जनता को धन्यवाद देता हूं कि आपने न सिर्फ मुझे सांसद बनाया बल्कि सेवा करने का भी मौका दिया। हमारी सरकार ने हमेशा गरीब की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया है, उसके सुख-दुख में साथ देने का प्रयास किया है। कोरोना की मुफ्त वैक्सीन से लेकर गरीबों को मुफ्त राशन की व्यवस्था तक, सरकार ने आपकी सेवा का कोई अवसर छोड़ा नहीं है। एक तरफ हम देश के शहरों को धुआं मुक्त करने के लिए सीएनएजी से चलने वाली गाड़ियों के लिए सुविधाओं का विस्तार कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ हम गंगा जी का ध्यान रखने वाले हमारे नाविकों की डीजल और पेट्रोल से चलने वाली नावों को सीएनजी से जोड़ने का भी विकल्प दे रहे हैं।

## ज्ञान की नगरी काशी में खेलकूद की भी समृद्ध परंपरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी ज्ञान, आस्था और अध्यात्म की नगरी तो रही ही है। यहां खेल-कूद की भी एक समृद्ध परंपरा है। आज मैं यहां के खिलाड़ियो का उत्साह देख रहा हूं। मुझे लगता है कि यहां काशी में जो नया स्टेडियम बन रहा है, वो काशी को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला है। काशी के अनवरत विकास की ये धारा गंगा जी की तरह ऐसे ही अविरल बहती रहे, इसके लिए हम सभी को प्रयास करना है। काशी की और गंगा जी की स्वच्छता का जो संकल्प हमनें लिया है, उसे कभी भूलना नहीं है।

# राजस्थान में अगले दो सप्ताह तक सक्रिय रहेगा मानसून, जमकर होगी बारिश

गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर।

राजस्थान में मानसून की झमाझम बारिश का दौर दो सप्ताह तक लगातार जारी रहेगा और इस दौरान कई जिलों में भारी से अति भारी और कई जगह तेज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो अगले तीन दिन तक कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### मानसूनी शाखाएं सक्रिय

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक आर.एस. शर्मा ने बताया कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली मानसूनी शाखाएं लगातार सक्रिय चल रही हैं, जिसके चलते अच्छी बारिश की संभावना है। वैसे भी राजस्थान में कुछ इलाकों में भारी बारिश हो रही है। इस सप्ताह तक भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है और उसके बाद भी यह क्रम जारी रहेगा। बीते 24 घंटे की बात करें तो गुरुवार सवेरे तक सबसे ज्यादा बारिश बीकानेर के पुगल में 91, जयपुर के रामगढ में 36, चौमूं में 36, सांगावाला में 35, जयपुर में 25, बस्सी में 16 और राजसमंद के चिकलियावास में 65 एमएम बारिश दर्ज की गई।



### किसी भी समय हो सकती है यहां बारिश

मौसम विभाग की माने तो कुछ घंटों के भीतर अजमेर, सीकर, नागौर, जैसलमेर, बाड़मेर, सिरोही, जालौर, राजसमंद, उदयपुर, टोंक, बूंदी, कोटा, पाली, झालावाड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और आसपास के इलाकों में आकाशीय बिजली के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। जबकि कोटा और बारां जिले में आकाशीय बिजली के साथ तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है।

### जयपुर लगातार भीगेगा

राजधानी जयपुर की बात करें तो 13 जुलाई तक बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना जताई जा रही है। यहां तापमान को लेकर कहा जा रहा है कि अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच और न्यूनतम तापमान 24 से 25 डिग्री के बीच रह सकता है।

# कन्हैया के हत्यारों के घर से संदिग्ध दस्तावेज जब्त, हत्या के दिन का एक और वीडियो सामने आया

गुरूज्योति पत्रिका/उदयपुर।



उदयपुर कन्हैयालाल हत्याकांड की जांच नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए ) कर रही है। गुरुवार को एनआईए की टीम और एक्टिव नजर आई। एनआईए के अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया। साथ ही कन्हैयालाल की दुकान और पूरी गली की वीडियोग्राफी भी करवाई है। इधर, कन्हैया हत्याकांड से जुड़ा एक और सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। यह फुटेज 28 जून शाम करीब सवा चार बजे सुखेर थाना इलाके के पेट्रोल पंप का है। वीडियो में दिख रहा व्यक्ति रियाज अत्तारी की बाइक से पेट्रोल भरवाते दिखाई रहा है। हैलमेट लगाए होने के कारण बाइक सवार का चेहरा नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसे में एनआईए की टीम वीडियो में दिख रहे युवक के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। एनआईए की टीम राजस्थान एटीएस के अधिकारियों के साथ गुरुवार को घटनास्थल का पर पहुंची। इस दौरान कन्हैयालाल की दुकान और गली की वीडियोग्राफी की गई है। इससे पहले एनआईए की टीम कन्हैया हत्याकांड के मुख्य आरोपी मोहम्मद गौस और रियाज अत्तारी के किशनपोल इलाके में स्थित उनके घर पर भी पहुंची। बताया जा रहा है कि टीम ने आरोपियों के कमरों से सिम और कुछ संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए हैं। इस दौरान आरोपियों के पड़ोसियों से भी पूछताछ की गई है। इससे पहले बुधवार को एनआईए की टीम ने हैदराबाद में रहने वाले मुनव्वर हुसैन को गिरफ्तार किया था। मुनव्वर का नाम पहले से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में सामने आया था। साथ ही आरोपियों की कॉल डिटेल में भी उसकी जानकारी सामने आई थी। इसके बाद एनआईए की टीम मुनव्वर को लेकर बुधवार को जयपुर पहुंची और पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया था। मुनव्वर हुसैन बिहार के भागलपुर का रहने वाला है और अभी हैदराबाद में रह रहा था। वह एक मदरसे से तालीम ले रहा था। हन्हैयालाल हत्याकांड में अब तक 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिनमें मुख्य आरोपी मोहम्मद रियाज, मोहम्मद गौस, मोहसिन खान, आशिक हुसैन, मोहम्मद मोहसिन, वसीम अत्तारी और मुनव्वर हुसैन को गिरफ्तार किया गया है। वहीं कुछ अन्य संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

गांव-गांव में यह बात फैली, अशोक गहलोत सीएम होना चाहिए

# मुख्यमंत्री ने कहा- सब कौमों को साथ लेकर चलता हूं, इसलिए अवसर मिला

गुरूज्योति पत्रिका/अलवर/जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लगातार दूसरे दिन पार्टी में विरोधी खेमे को जवाब देते हुए कहा है कि सब कौम को साथ लेकर चलने की वजह से ही उन्हें बार-बार मौके मिलते हैं। अलवर के हरसौरा में मूर्ति अनावरण समारोह में गहलोत ने कहा- माली समाज का अकेला विधायक मैं खुद हूं। सब कौम को साथ लेकर चलता हूं, तब जाकर मुझे पांच साल अवसर मिलते हैं। गहलोत ने कहा- मैं तीन बार केंद्रीय मंत्री रहा, तीन बार कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रहा, तीन बार राष्ट्रीय महासचिव और तीसरी बार आपके आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बना हूं। पिछले चुनाव में आपने मुझे इतना प्यार दिया कि गांव-गांव में यह बात फेल गई कि अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। गहलोत ने कहा-



पिछली बार भी हमने आपकी सेवा कम नहीं की थी, लेकिन मोदीजी ने हिंदुत्व की हवा फैलाई, धर्म के नाम पर चुनाव जीतना आसान है। मोदीजी की आंधी चली और वो पीएम बन गए। राजस्थान में हमारी सरकार चली गई, हम लोग 21 पर रह गए। शीला दीक्षित जैसी मुख्यमंत्री खुद चुनाव हार गईं। हम लोग छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली,राजस्थान हार गए।

### ईआरसीपी लेकर रहेंगे, अब कर दिया ऐलान-

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हम ईआरसीपी लागू करके रहेंगे इसका हमने ऐलान कर दिया है । कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि जहां जहां कांग्रेस की सरकारें हैं वहां प्रेम सद्भभाव और भाईचारा है । बीजेपी लोकतंत्र की हत्या करते हुए खरीद-फरोख्त कर सरकारी गिरा रही है । उद्योग मंत्री शकुंतला रावत की मांग पर मुख्यमंत्री ने हरसोरा को उप तहसील का दर्जा देने की मांग की गहलोत ने कहा कि अभी 8 महीने एक और बजट पेश होने वाला है जिसमें और भी मांगे पूरी कर दी जाएगी।

### गहलोत के बयान के सियासी मायने, पायलट खेमे को मैसेज

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान को सचिन पायलट खेमे को जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। गहलोत ने चुनाव से पहले जनता में उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की गांव गांव से आवाज की बात फिर उठाकर सचिन पायलट को जवाब दिया है। सचिन पायलट समर्थक लगातार सोशल मीडिया में इस बात को उठाते रहते हैं कि पायलट की वजह से सरकार आई, लेकिन उन्हें सीएम नहीं बनाया। गहलोत ने इसी नरेटिव का जवाब दिया है। गहलोत इन दिनों लगातार बिना नाम लिए पायलट खेमे पर हमलावर कर रहे हैं। गहलोत के इन बयानों को कांग्रेस की अंदरुनी सियासत में हलचल से जोड़कर देखा जा रहा है।

## जिला कलेक्टर निशांत जैन ने शहर में सफाई व्यवस्था, जल भराव क्षेत्रों का लिया जायजा



**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** जिला कलेक्टर निशांत जैन ने शहर में सफाई व्यवस्था,जल भराव क्षेत्रों का लिया जायजा शहर की सफाई व्यवस्था सही नहीं पाये पर नगर परिषद के कार्मिकों फटकार लगाई कलेक्टर ने शिवाजी नगर, बाई पास रोड, कोलेज चौराहा सहित शहर के विभिन्न जगहों का लिया जायजा नगर परिषद को दिये सफाई व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए वहीं मौके पर मौजूद नगर परिषद के आयुक्त को समय पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए जिला कलेक्टर को लम्बे समय से शहरवासियों से सफाई व्यवस्था को लेकर मिल रही थी शिकायतें निरक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी दिनेश धाकड़,नगर परिषद आयुक्त महिपाल सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## निशुल्क शिक्षा देने का वैदिक संस्कार केन्द्र ने लिया जिम्मा

**गुरूज्योति पत्रिका/जालौर।** जिला मुख्यालय से करीब बीस किलोमीटर दूर स्थित मांडवला गाव में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के छात्रों को निशुल्क शिक्षा देने के उद्देश्यों को लेकर वैदिक संस्कार केन्द्र का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सोहनलाल गर्ग सरपंच मांडवला, विशिष्ट अतिथि के रूप में हरी मकवाना, सांवलाराम भील कार्यक्रम समारोह में मुख्य अतिथि सोहनलाल गर्ग ने केंद्र की सहारना करते हुए हर समय सहयोग का आश्वासन दिया वही कार्यक्रम संचालन करते हुए छगन आर्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और केन्द्र की रूपरेखा पर प्रकाश डाला कार्यक्रम समारोह में केंद्र महिला कार्यकर्ता भंवरी कुमारी, बसंती कुमारी, गुड़िया कुमारी, ममता कुमारी विरास, कविता कुमारी, खुशबू देवी विराश, बदाराम भील, महेंद्र कुमार, मकनाराम वीराश, जयंती लाल विरास, ममता कुमारी बालवाडा, कैलाश कुमारी रायथल आदि उपस्थित थे।

## गरीब बच्चों को कपड़े वितरण कर मनाया जन्मदिन



**गुरूज्योति पत्रिका/पाली।** पाली शहर में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद पाली के उपाध्यक्ष अर्जुन टाइगर ने अपना जन्म दिवस गरीब बच्चों को 280 जोड़ी कपड़े वितरण कर मनाया । शहर की झुग्गी झोपड़ियो व कच्चे घरों में जाकर गरीब मासूम बच्चों को कपड़े वितरण किया गया । इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष तखतसिंह सोलंकी, मगराज जी पादरली, आखडा प्रमुख पिंटू आहूजा, समाज सेवी मदन जी खारवाल, राकेश गर्ग,नाथूसिंह चौहान चमड़ियाक, गोपाल वैष्णव, विक्रमसिंह बरना, जितेंद्रसिंह खिंवाड़ा, प्रदीपसिंह सोलंकी,राहुल सोनी, प्रवीण शर्मा, भवानी शंकर,धीरज प्रजापत, आदि लोग मौजूद थे।

## स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन भजनो पर झुमे श्रोता

**गुरूज्योति पत्रिका/इटन्दरा मेडतियान।** कस्बे की रावली पोल मे ठाकुर सुरसिह कुम्पावत के सानिध्य मे स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ । सेवानिवृत्त एक्स ई एन पीडब्ल्यूडी शक्तिसिह पुत्र शैतान सिह कुम्पावत ने बताया कि इसकी पुर्व सन्ध्या पर झुझारजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ । जिसमे गायक कलाकार देवाराम व महात्मानद भाटी ने शानदार भजनो की प्रस्तुति दी। इस मौके पर विजयसिह भाटी सेवानिवृत्त डी टी ओ, हिराराम जाखड सेवानिवृत्त एक्स ई एन पीडब्ल्यूडी ,पुर्व राज्य मंत्री अचलाराम मेघवाल, व कई आला अधिकारी साथ कई जन प्रतिनिधि सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीमा कम्पनी ने किसानों के साथ किया अन्याय,इस साल की नई गिरदावरी शुरू होगी लेकिन पिछलें साल का क्लेम अभी तक बकाया



**गुरूज्योति पत्रिका/बायतु।** ग्राम पचायत स्तरीय जन सुनवाई के तहत गुरुवार को पंचायत प्रभारी पटवारी मोटाराम चौधरी को आईदानराम लीलड़ सवाऊ मूलराज,भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष एसी मोर्चा बाड़मेर के नेतृत्व में काफी ग्रामीणों सहित ज्ञापन दिया कि गत साल किसानों की फसलें चौपट हो गई तथा कम्पनी ने बीमा राशि वसूल की,सरकारी गिरदावरी अन्य सर्वे सौ प्रतिशत अकाल घोषित किया लेकिन खेतिहर किसानों को कोई सरकारी क्लेम धनराशि नहीं दी गई से जल्दी दी जावे।

# नारलाई में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में शिकायतों का किया निवारण, खेल मैदान विकसित कर पौधरोपण करने के दिए निर्देश

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**देसूरी।** नारलाई ग्राम पंचायत में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम गुरूवार को पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन उपखण्ड अधिकारी राजलक्ष्मी गहलोत व सरपंच शेखर मीणा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे सभी विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं सुनकर निराकरण किया गया। मुख्यतौर पर राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों को लेकर परिवादियो से चर्चा कर निराकरण किया गया। इसी बीच एसडीएम गहलोत ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की क्लास ले ली। उन्होंने जिला कलेक्टर द्वारा संचालित स्वच्छ विद्यालय-स्वस्थ विद्यालय कार्यक्रम की पूर्णयता जानकारी नही होने एवं व्यापक प्रसार नही होने पर नाराजगी जताई। एसडीएम ने सरपंच शेखर मीणा से कहा कि 15जुलाई से पहले सभी राजकीय स्कूलों में सफाई करवावे। साथ ही विद्यार्थियों को पानी की बोतल वितरण की जाये। राप्रावि भैरू काकर में अधूरी चारदीवारी की जगह तारबंदी करवाकर पौधरोपण करवाने का कहा। सरपंच शेखर मीणा ने बताया की कस्बे में स्वच्छता के लिए लगातार कार्य कर रहे है। गांव में नियमित रूप से घर-घर से कचरा संग्रहण किया जा रहा है। विद्यालय के समग्र विकास के लिए कार्य करवाये जाएंगे।

### खेल मैदान विकासकार्य का निरीक्षण किया

कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान विकासकार्य उपखण्ड अधिकारी ने निरीक्षण किया। सरपंच ने बताया कि मैदान में चट्टाने तोड़कर समतलीकरण किया गया है। साथ ही वाटरशेड के तहत ओपन जिम व रंगमंच बनाये गए है। एसडीएम ने कहा कि चार दिवारी के पास वृक्षारोपण करवावे। खेल मैदान के बड़े स्तर पर कार्य के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### पूर्व सरपंच के निधन पर श्रद्धांजलि दी

नारलाई ग्राम पंचायत के भूतपूर्व सरपंच जगदीश व्यास के निधन पर पंचायत में श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व सरपंच व्यास के कार्यकाल को याद करते हुए उपखण्ड अधिकारी राजलक्ष्मी गहलोत, सरपंच शेखर मीणा समेत उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय व्यास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। वही व्यास के निधन होने के बाद गांव में शोक की लहर रही।

### पंचायत का जीर्णोद्धार देख अभिभूत हुए

स्थानीय ग्राम पंचायत भवन का वर्षो बाद सरपंच शेखर मीणा की प्रेरणा से जीर्णोद्धार कार्य किया गया है। जिसका कार्य अंतिम दौर में है। उपखण्ड अधिकारी राजलक्ष्मी गहलोत ने जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिभूत होते हुए भामाशाह का आभार जताया।

### इस दौरान यह उपस्थित थे

उपखण्ड अधिकारी राजलक्ष्मी गहलोत, सरपंच शेखर मीणा, ग्राम विकास अधिकारी अचल सिंह सोलंकी, वार्डपंच रमेश चौधरी, अमृत मालवीय, घीसु लाल, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रभूदास वैष्णव, ओघडराम सीरवी, भरत श्रीमाली, प्रकाश माली समेत सभी विभागीय कार्मिक व कई ग्रामीणजन मौजूद थे

# भाजपा जालौर ने की मंडल कार्यसमिति की तैयारियां पूर्ण

### मंडल कार्यसमिति के लिए संयोजक एवं सह-संयोजक की नियुक्ति

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**जालोर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश अनुसार जालौर भाजपा ने मंडल स्तरीय कार्य समिति आयोजन करने की तैयारियां पूर्ण की एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक-प्रभारी सहित मंडलों के संयोजक सह-संयोजकों की नियुक्ति भी की। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव बोरली के अनुसार आगामी 10 तारीख से पहले सभी मंडलों पर मंडल कार्यसमिति का आयोजन करने का प्रदेश संगठन द्वारा निर्देशित किया हुआ है। कार्यक्रम में जिले में चल रहे संगठन के विभिन्न अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्य बूथ समिति निर्माण, पन्ना प्रमुख नियुक्ति, सहयोग निधि अभियान के कार्यों को पूर्ण कर कार्यों की समीक्षा की जाएगी तथा 2 वर्ष के लिए विस्तारक योजना पर भी चर्चा होगी। पर्यावरण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश द्वारा प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 25 वृक्षों को लगाने का निर्देश भी दिया गया है जो कार्यसमिति के दौरान पूर्ण होगा। मंडल कार्यसमिति में राष्ट्रीय-प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, शक्ति केंद्र संयोजक-प्रभारी तथा बूथ अध्यक्ष सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यसमिति में राजस्थान सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं जिले तथा स्थानीय मुद्दों पर संवाद और माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार के सेवा और सुशासन एवं गरीब कल्याण के 8 वर्ष पूर्ण पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जालौर भाजपा द्वारा कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जिसमें जिला संयोजक भाजपा जिला महामंत्री हरीश राणावत, जिला प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता मंगलसिंह सिराणा को बनाया गया। आहोर मंडल के संयोजक ईश्वरसिंह थुंबा और सह संयोजक बिशनसिंह सोलंकी, जालौर विधानसभा के संयोजक पुखराज राजपुरोहित एवं सहसंयोजक परमवीरसिंह भाटी को नियुक्त किया गया। भीनमाल विधानसभा के जसराज राजपुरोहित को संयोजक और सह संयोजक भरत सिंह भोजाणी को बनाया गया। भैरूदान चारण को रानीवाड़ा विधानसभा के संयोजक और सह संयोजक रमेश मेघवाल को बनाया गया। प्रकाश छाजेड़ हो सांचौर विधानसभा के संयोजक और सह संयोजक के रूप में महेंद्र चौधरी की नियुक्ति की गई।

## बंदरों ने हमला :16 व्यक्तियों को किया जख्मी, गर्भवती महिला पर जानलेवा हमला वन विभाग नहीं दे रहा ध्यान

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com





**रानीवाड़ा।** मालवाड़ा कस्बे में बंदरो के आंतक से ग्रामीण परेशान हैं। बंदरों ने 16 से अधिक लोगों को काटकर जख्मी कर डाला है। ताजा मामले में बंदर ने एक गर्भवती महिला को काटकर जख्मी कर दिया है। घटना के बाद महिला को गंभीर हालत में मालवाड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां से उसे गुजरात रेफर किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बंदर के कारण वे छोटे बच्चों को अकेला नही छोड़ पा रहे हैं और बाजार से सामान लाने में भी डर लगता है। मालवाड़ा के ग्रामीणो ने प्रशासन से बंदरों को पकड़ने की मांग की है।स्थानीय निवासी सिकंदर नागौरी ने बताया कि पिछले कई दिनों से गांव में बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदर रोजाना किसी ना किसी को काट कर जख्मी कर देते हैं। बंदर ने गांव के 16 से अधिक बच्चों व बड़ों को काट कर जख्मी कर दिया। डॉ. पारसाराम ने बताया कि कल एक गर्भवती महिला का हाथ फाड़ दिया था। सरपंच प्रदीप सिंह देवल ने बताया कि तीन बंदर उत्पाती है। जिसमें से एक बंदर खासकर आक्रामक है। उसे पकड़ने के लिए हमने वन विभाग के रैंजर से बात की है। अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। बंदर को पकड़ने के लिए ग्राम पंचायत के पास कोई उपकरण या प्रशिक्षित स्टाफ नहीं है। ऐसे में हम वन विभाग पर निर्भर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों के बारे में कई जगहों पर शिकायत की गयी है। लेकिन आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है।

## ग्राम पंचायत ढाबलाभोज में उपखंड अधिकारी की मौजदूगी में हुई जनसुनवाई

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**झालावाड।** जिले की पिड़ावा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढाबलाभोज में जनसुनवाई कार्यक्रम की त्रिस्तरीय व्यवस्था की जनसुनवाई ग्राम पंचायत परिसर में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान ग्रामीणों की परिवेदनाएं सुनी गई। उपखण्ड अधिकरी संतोष कुमार मीणा ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत ढाबलाभोज में ग्रामीणों की परिवेदनाएं सुनी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या प्रेषित कर उसका निराकरण करने का भरोसा दिलाया। जनसुनवाई में क्षेत्र की पेयजल, विद्युत आपूर्ति के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ग्रामीणों से ली एवं उनसे फीडबेक भी लिया। ग्राम पंचायत ढाबलाभोज में आयोजित हुई जनसुनवाई के दौरान उपखंड अधिकरी के समक्ष बाँसखेड़ी के लोगों ने स्कूल के पास व खेल मैदान में अतिक्रमण हटाने का प्रार्थनापत्र पेश किया। गांव ढाबलाभोज के ग्रामीणों ने पंचावा रोड पर संवेदक द्वारा अधूरा कार्य कर छोड़ रखा है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में समस्या से अवगत करवाया। ग्राम पिपलीया के ग्रामीणों ने गांव के रास्ते पर अतिक्रमण हटाने की मांग की। इस दौरान किसानो के अपने खेत पर आने जाने के रास्ते के विवाद का मौका निरक्षण कर समाधान करने की कार्यवाही की गई। इस दौरान रघुनाथसिंह परमार, ग्राम विकास अधिकारी दिनेश कुमार जैन, रोजगार सहायक एसएल मेघवाल, वार्ड पंच, पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, आयुर्वेदिक चिकित्सक, शिक्षा विभाग के कर्मचारी के साथ ही अच्छी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# स्नेह व रक्तदान का हमेशा रहूंगा ऋणी - परिहार

### रक्तदान शिविर में उमड़े लोग

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**सिवाना।** गुरुज्योति पत्रिका पी डी वैष्णव। राजस्थान रीको निदेशक व पूर्व राज्यमंत्री सुनील परिहार के 64 वे जन्मदिन के अवसर पर कस्बे के इन्नानी भवन प्रांगण (गाँधीचोक) में गुरुवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में पहुचे सिवाना सिणधरी व समदडी से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री सुनील परिहार का साफा पहनाकर माल्यार्पण कर उनको जन्मदिन की बधाइयां देते हुए दीर्घायु की कामनाए की। परिहार ने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्तदान एक तरह से प्राणदान है। इससे जरूरतमंद की जान बच सकती हैं।उन्होंने कहा कि आपके अपार स्नेह व किये गए रक्तदान का हमेशा ऋणी रहूंगा। तथा आमजन की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री परिहार ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक मोटाराम मेघवाल, धाराराम फुलवरिया, सिणधरी प्रधान प्रतिनिधि पूनमाराम जाणी, उप प्रधान मोहनसिंह दाखां, सिवाना उपप्रधान प्रतिनिधि सुमेरसिंह राठौड़ सिणेर, दुग्ध डेयरी जिला अध्यक्ष भीखाराम चौधरी, बामसीन पूर्व सरपंच राजेन्द्रसिंह चम्पावत, सिवाना नगरपालिका चेयरमैन रामनिवास आचार्य, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चंदनसिंह राजपुरोहित, महासचिव जाकिर हुसैन बेलिम, महामंत्री सुरेशकुमार सांखला, सिणधरी सेवादल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह, मायलावास सरपंच अशोकसिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मूलाराम पादरली, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शेर मोहम्मद सिणधरी, पूर्व सरपंच हिम्मताराम सरपंच चेनाराम कमठाई, सरपंच हंजाराम, भीकाराम चौधरी,उधमी बाबूसिंह राजपुरोहित मायलावास, सिवाना सेवादल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष छगनाराम मेघवाल,पूर्व सरपंच भिखीदेवी मायलावास, सेवानिवृत्त जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ गणपतसिंह राठौड़, ब्लॉक कांग्रेस सचिव वाघसिह अर्जियांना, समाजसेवी सांवलराम भील, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रकाश बालड़, खादिग्रामोधोग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव रमेश सांखला, ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष मोहनलाल गहलोत, ब्लॉक सदस्य लच्छीराम माली, पूर्व प स सदस्य छगनलाल गहलोत, भवरु खान कोटवाल, निजाम खान, सेवादल सचिव सुरताराम, सहित बड़ी संख्या कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आदर्श विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com




**मोदरान/जगमाल सिंह राजपुरोहित।** विद्या भारती संस्कारों के साथ शिक्षा देने के लिए विद्या मंदिरों का संचालन करती है विद्याध्ययन के बाद संस्कार वान विद्यार्थी राष्ट्र सेवा में अपनी अपनी भूमिका निभा रहे है इन विद्यालयों में पढ़े हुए विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देते हुए अपनी विशिष्ट पहचान भी रखते है। ये विचार स्थानीय प्रबंध समिति अध्यक्ष वजाराम माली ने व्यक्त किए। श्री सुन्धा माता आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रबंध समिति व्यवस्थापक नैनसिंह, शैक्षिक प्रमुख विक्रम सिंह, सेवा प्रमुख कालुराम राजपुरोहित, श्री सुन्धा माता ट्रस्ट व्यवस्थापक जितेन्द्र सिंह, प्रबंध समिति सदस्य नरेश कुमार माली उपस्थित रहे। तथा समारोह में कक्षा पंचमी, अष्टमी एवं दसवीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें मित्तल राव , जानवी कंवर, रविन्द्र कुमार, भावेन्द्र सिंह व भूराराम तथा सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लक्ष्य प्राप्त करने वाले बोर्ड कक्षाओं के भैया-बहिनों को प्रबंध समिति अध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य विक्रम सिंह चौहान द्वारा सत्र 2022-23 की योजना भैया बहिनों व अभिभावकों के सामने प्रस्तुत की गई। देश हमें देता है सब कुछ, हम भी कुछ करना सीखे इस दौरान दीपसिंह, कपूराराम, भलेश टेलर, कृष्ण कुमार, धीरज नागर, सोनाराम, कृष्ण राम, जीनल खण्डेलवाल, नीता पुरोहित, लक्ष्मी, नीलम, जोरपुरी, भरत माली, दीपाराम, रसीला, फालूदेवी, पूर्व छात्र व अभिभावक उपस्थित रहे।

## रामा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ



**गुरुज्योति पत्रिका/आहोर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष जिला व सैशन न्यायधीश सिया रघुनाथ दान एवं सचिव अपर जिला एवं सैशन न्यायधीश वीरेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामा मे प्रधानाध्यापिका निर्मला कुमारी की अध्यक्षता मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पीएलवी-देवाराम नीलकंठ ने लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, प्रिलिटिगेशन, राजस्थान पिड़ित प्रतिकर स्कीम 2011,बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 सहित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओ की विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिविर मे विद्यालय स्टाफ पिंकी मीणा,अनिता कुमारी,ब्रिजेश मीणा,चौकीदार खूमदास सहित समस्त बालिकाए उपस्थित रही।

## सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए किया प्रेरित



**गुरुज्योति पत्रिका/जालोर।** जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए नगरीय निकायों द्वारा पॉलिथीन जब्त कर व्यापारियों एवं आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं कपड़े व जूट से बनी थैलियों के लिए प्रेरित किया गया। राज्य सरकार व जिला कलक्टर के निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए नगर परिषद जालोर, नगरपालिका भीनमाल व सांचैर द्वारा कार्यवाही पॉलिथीन थैलियां जब्त कर आम नागरिकों को कपड़े व जूट से बनी थैलियों का वितरण कर इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया।

## श्रम मंत्री को शुक्रवार को पंचायत समिति चितलवाना की साधारण सभा में भाग लेंगे



**गुरुज्योति पत्रिका/जालोर।** राज्य के श्रम राज्य मंत्री सुखराम विश्नोई 8 जुलाई, शुक्रवार को पंचायत समिति चितलवाना की साधारण सभा में भाग लेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार राज्य के श्रम, कारखाना एवं बॉयलर्स विभाग (स्वतंत्र प्रभार), राजस्व विभाग राज्य मंत्री सुखराम विश्नोई 8 जुलाई, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति चितलवाना की साधारण सभा में भाग लेंगे।

## पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बारूपाल ने इमानदारी का दिया परिचय



**गुरूज्योति पत्रिका/बाड़मेर/बालोतरा।** बालोतरा क्षेत्र की घटना उदयसिंह पुत्र श्री रूपसिंह जाति राजपूत निवासी सिवाना (बालोतरा) मजदूरी के लिए औद्योगिक क्षेत्र बालोतरा आया द्वितीय रेलवे क्रॉसिंग के पास मोबाइल गुम हो गया था यह फोन बालोतरा निवासी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नेमीचंद बारूपाल(मेघवाल) को मिला तब फोन पर उदयसिंह का फोन आया तो नेमीचंद बारूपाल ने बताया कि यह फोन मेरे को मिला था तब उदयसिंह ने कहा कि यह फोन आपके पास रखें तब बारूपाल ने ईमानदारी का परिचय देते हुए तुरन्त उनके पर जाकर उदयसिंह को फोन लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया इस वक्त नेमीचंद बारूपाल के साथ देवेंद्र चौधरी उनके मित्र भी मौजूद थे तब उदयसिंह ने देते हुए कहा कि मानवता ईमानदारी और भाईचारा अभी तक कायम हैं।

## रानी नवनियुक्त तहसीलदार ने किया पदभार ग्रहण



**गुरूज्योति पत्रिका/रानी।** रानी नवनियुक्त तहसीलदार जितेन्द्र सिंह ने आज पदभार ग्रहण किया।पदभार ग्रहण करने पर आज तहसील कार्यालय में स्वागत समारोह में उपखण्ड अधिकारी रविकान्त सिंह ने साफा व माला पहनाकर तहसीलदार जितेंद्र सिंह का स्वागत किया व तहसीलदार सुनीता चारण का स्थानांतरण सिरोही होने पर उनको विदाई दी गई ।स्वागत समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर रानी उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह, नायाब तहसीलदार फुलाराम मीणा , व ईश्वर सिंह चौहान, कार्यालय सहायक दलपत सिंह, रणजीत पुरी, पटवारी वनिता , कनिष्ठ लिपिक कोर्ट रेखा कुमारी, दफेदार गोपाल सरियाला, लिपिक सुशील कुमार, हिम्मताराम, लक्ष्मण कुमार,प्रेम सिंह, विरेन्द्र वागोरीया, मोतीलाल, संतोष आदीवाल, किशोर कुमार, रमेश कुमार, रमेश कुमार राठौड़, सहित कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

*पूर्णतया अस्थाई तौर पर लगे कार्मिकों की नहीं ली जा रही है कोई सुध*

# महंगाई के दौर में घर खर्च एवं घर परिवार एवं बच्चों का पालन पोषण करना असंभवः अविनाश कुमार

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**जयपुर।** अविनाश कुमार प्रदेशाध्यक्ष राज. अस्थाई कर्मचारी संघ, हल्ला बोल ने पंतजलि भू, अतिरिक्त श्रम आयुक्त एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर को ज्ञापन पेश कर बताया कि राजस्थान के समस्त राजकीय कार्यालयों में विभिन्न पदों पर प्लेसमेंट एजेंसी के मार्फत, सेवा प्रदाता फर्म के मार्फत, जॉब बेसिस आधारित, मैन विद् मशीन, डेली बेसिस निविदा माध्यम या अन्य ठेका प्रणाली के माध्यम से पूर्णतयाः अस्थाई तौर पर कई वर्षों से लगातार अपनी नियमित सेवाएं दे रहे हैं लेकिन उक्त कार्मिकों की कोई सुध नहीं ली जा रही है। कई वर्षों से अस्थाई कार्मिकों को इस महंगाई के दौर में 2500/ 3500/ 5050/6050/7000/ रू. मासिक न्यूनतम वेतन ही मिलता है, जिस कारण सभी कार्मिकों को इस महंगाई के दौर में घर खर्च एवं घर परिवार एवं बच्चों का लालन पोषण करना असंभव सा हो गया है। सभी कार्मिक इतने सालों से न्यूनतम मासिक वेतन में काम कर रहे है। ना ही वेतन में किसी भी प्रकार की कोई अभिवृद्धि होती है। वेतन में किसी भी प्रकार की अभिवृद्धि नहीं होने एवं बढ़ती महंगाई के इस दौर में न्यूनतम वेतन मिलने से हम सभी कार्मिक कर्ज के बोझ तले दब चुके है। अधिकारी/मंत्री बोलते है कि यदि आपका वेतन बढ़ा देंगे तो राज्य सरकार पर वित्तीय भार पड़ेगा एवं राजकीय घाटा हो जाएगा। संबंधित अधिकारी बोलते हैं कि आपको जो 5000 रू दिया जा रहा है, वो भी बहुत ज्यादा दिया जा रहा है। इसलिए राजस्थान के सभी विभागों में 5000 रू मिलते है, उसमें भी ठेकेदार 1000/2000 रू. खा जाता है, या संबंधित अधिकारी खा जाता है। इस तरह सभी कार्मिकों के पास कट-कटाकर 3500/4000 रू. मासिक वेतन के रूप में मिलते हैं इस महंगाई के दौर में। पिछले पांच सालों से वेतन में 10 प्रतिशत की अभिवृद्धि भी नहीं हो पा रही है, वित्त विभाग बोलता है, कि यदि आपके वेतन में 10 प्रतिशत की अभिवृद्धि करेंगे, तो राज्य सरकार पर वित्तीय भार पड़ेगा, इसलिए आप लोगों के वेतन में किसी भी प्रकार की कोई भी अभिवृद्धि नहीं की जाएगी। इस कारण वेतन में पिछले पांच वर्षों से इस महंगाई के दौर में किसी भी प्रकार की कोई अभिवृद्धि नहीं हो पा रही है। सभी कार्मिक इस महंगाई के दौर में पिछले पांच वर्षों से एक ही वेतन में अपना जीवन यापन/बच्चों का लालन पोषण कर रहे हैं। पिछले पांच सालों से हम सभी कार्मिक कर्ज के बोझ तले दब चुके हैं। पिछले पांच सालों से उधार ले-लेकर अपना जीवन यापन/घर खर्च चला रहे है। किंतु अब घर खर्च/घर परिवार नहीं चल पा रहा है, क्योंकि महंगाई अपनी चरम सीमा पार कर चुकी है। लोगों ने अब इस महंगाई के दौर में उधार देना बंद कर दिया है। आखिर अब हम लोग कैसे 2500/-, 5000/- के मासिक वेतन में कैसे जीवन यापन/घर खर्च चलाए अविनाश कुमार प्रदेशाध्यक्ष राज. अस्थाई कर्मचारी संघ, हल्ला बोल ने बताया कि श्रम विभाग से पूछना चाहता हूं कि क्या आप लोग आज की महंगाई के इस दौर में 2500/-, 5000/- रू. मासिक वेतन में अपना घर परिवार चला सकते हो क्या ? हमें श्रम विभाग से जवाब चाहिए।

## किसानों को खरीफ की फसल का बीमा करवाने की दी सलाह

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com




**आहोर।** उम्मेदपुर कस्बे में खरीफ फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार प्रसार को लेकर को उम्मेदपुर ग्राम पंचायत के गावों में बीमा रथ के माध्यम से किसानों को फसल बीमा की जानकारी दी। बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेसन कम्पनी की ओर से प्रचार रथ द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान किसानो को टेप्लेट बैनर पोस्टर के माध्यम से फसल बीमा करवाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान उम्मेदपुर ग्रामपंचायत के कृषि पर्यवेक्षक मोहनलाल यादव बीमा कंपनी प्रतिनिधि रवींद्र सिंह ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ फसलों के लिए बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31जुलाई तय की गई है। किसान भाइयों को समय रहते अपनी फसल का बीमा करवा लेना चाहिए, जिससे भाइयों को प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके। उन्होंने बताया कि गैर ऋणी किसानों को फसल बीमा करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों व अधिसूचित फसलों बाजरा, ग्वार, मूंग, तिल, मुंगफली के प्रीमियम राशि के बार में जानकारी दी गई।इस अवसर सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी गंगासिंह बेदाना, इन्द्र सिंह मालपुरा,गणेशाराम पचानवा, भलाराम मेघवाल, जवेरीचन्द, चौथाराम माली, रतीलाल सुथार ,वगताराम मीणा सहित कई किसान मौजूद थे।

## अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बडी कार्यवाही, 75 कटटो मे भरे अवैध अफिम डोडा चुरा 835.520 किलोग्राम बरामद कर तस्करी मे प्रयुक्त वाहन पिकअप भी जप्त

### जप्त किये गये मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे कीमत करीबन 40 लाख रूपये



गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**झालावाड।** जिले के पनवाड़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बडी कार्यवाही की। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला झालावाड़ प्रकाश कुमार शर्मा आर.पी.एस झालावाड के निर्देशन में एवं वृत्ताधिकारी वृत्त खानपुर राजीव परिहार आर.पी.एस के सुपरवीजन में थानाधिकारी थाना पनवाड अशोक कुमार एसआई के नेतृत्व में टीम को समदखेडी हनुमान मन्दिर के पास आकस्मिक नाकाबन्दी कर आने जाने वाले वाहनो को गहनता से चेक किया गया। नाकाबन्दी के दोरान कस्बा पनवाड की तरफ से एक सफेद रंग की पिकअप आई जिसे जाप्ते के द्वारा रूकवाया जाने पर पिकअप चालक सघन नाकाबन्दी को देखकर पिकअप को छोडकर मोके से फरार हो गया। पिकअप को चेक करने पर पिकअप मे 75 कटटो में भरा अवैध मादक पदार्थ अफिम डोडा चुरा 835.520 किलोग्राम बरामद किया गया तथा तस्करी मे प्रयुक्त पिकअप को जप्त किया गया। प्रकरण दर्ज कर टिम का गठन कर फरार मुलजिम की तलाश जारी है।

## रानी नगरपालिका अध्यक्ष भरत राठौड़ की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक आयोजित हुई

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**रानी।** रानी नगरपालिका बोर्ड की आवश्यक बैठक नगरपालिका अध्यक्ष भरत राठौड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । अधिशासी अधिकारी दीनमोहम्मद ने बताया कि बैठक में राजकीय आयुष चिकित्सालय को स-शर्त भू आवंटन का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया । बैठक में प्रताप बाजार में निर्माणाधीन सड़क कार्य रुका हुआ है उस पर चर्चा की गई । बाद चर्चा के सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि निर्माणाधीन सड़क का लेवल लेकर कार्य करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्य करे ।प्रस्ताव में यह भी लिया गया कि सड़क से लिंक रोड़ की गलियों में पानी का भराव नहीं हो उसकी जिम्मेवारी सा. निर्माण विभाग की रहेगी । सड़क का लेवल करने में चाहे समय लगे लेकिन कार्य सही व जन हित मे होना चाहिए । बैठक में सड़क से लिंक रोड़ का टेंडर पालिका ने निरस्त करने का निर्णय लिया गया।सड़क के पश्चिम किनारे प्रताप बाजार पोस्ट आफिस के पास त्रिवेणी मेडिकल से अष्टापद तक आवश्यकता अनुसार नाला निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया ।बैठक में नगरपालिका से सटे ग्राम पंचायत पैरा फेरी एरिया में नगरपालिका कृषि से अकृषि नियमन आवंटन 2012 व प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के प्रावधान अनुसार पेरा फेरी ग्राम की कृषि भूमि को अकृषि भूमि नियमन अंतर्गत पेराफेरी ग्राम की ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र ( एन ओ सी ) लेने का कोई प्रावधान नहीं है । अतः खाताधारी अनुसार नियमन करने का सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

### बैठक में थे उपस्थित

पालिका अध्यक्ष भरत राठौड़, उपाध्यक्ष डालचंद चौहान,पार्षद घीसुलाल चौधरी, सुनील बैरवा , मीठालाल भाट, मनीष जैन, महेश भील,कपूराराम प्रजापत, मुकेश बैरवा,मोहम्मद अकरम,दाखु परिहार, नर्मदा कंवर राजपुरोहित, सीता बंजारा, अधिशासी अधिकारी दीन मोहम्मद ,कार्यालय सहायक परसराम मेहरा उपस्थित थे ।

## ईद त्यौहार को लेकर रानी थानाधिकारी हिंगलाज दान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई



गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**रानी।** ईदुल अजहा के त्योंहार को देखते हुए थानाधिकारी हिंगला जदान ने पंचायत समिति सभागार में सी एल जी एवं शांति समिति की बैठक लेकर उपस्थित लोगों एवं रानी क्षेत्र के सभी आमजन से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की । उन्होंने लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि कहीं भी कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो तुरन्त पुलिस को सूचना करें । उन्होंने आजकल के हालात के मद्देनजर सभी से अपने परिवार के सदस्यों को मोबाइल चलाने में सावधानी बरतने के लिए पाबन्द करने की बात कही ताकि कोई भी कहीं से वॉट्स एप्प पर आए हुए गलत मेसेज को फॉर्वर्ड नहीं करने की हिदायत दें । तुरन्त ऐसे मेंसेज को डिलीट करदें । उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मोबाइल पर निगरानी रखी जारही है किसी भी समय गलत मेसेज करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की जासकती है ।उन्होंने नगर में सी सी टी वी लगाने की बात करते हुए कहा कि सभी जगह मौका देखलिया गया है । विधायक ने भी पाली कार्यालय में अनुसन्सा करदी है । पाली से स्वीकृति मिलते ही कार्य चालू होजाएगा । इस अवसर पर ए एसआई मेघाराम , गणेशराम बिजोवा, बशीरुद्दीन, हाजी अब्दुल हमीद कुरेशी , सुरेंद्र जैन इश्तियाक आफरीदी ,गोपीचंद माली ,किशनसिंह खींची , हेमराज चौधरी , जयसिंह , एवं नागरिकगण उपस्थित थे ।

## सर्जिकल ब्लेड से काटा गला- लथपथ हालत में सड़क पर तड़पता रहा शख्स

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**सीकर।** धोद थाना इलाके के मांडोता गांव में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां घर से घूमने निकले एक व्यक्ति का बाइक सवार बदमाशों ने सर्जिकल ब्लेड से हमला कर गला काट दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सुनसान सड़क पर करीब 15 मिनट तक वह खून से लथपथ हालत में पड़ा रहा। बाद में एक पड़ोसी ने देखा तो इसकी सूचना घरवालों को दी। जिसके बाद परिजनों ने उसे संभालते हुए एसके अस्पताल पहुंचाया। जहां ट्रामा में उसका उपचार शुरू किया गया। धोद थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि हमले का शिकार शख्स मांडोता निवासी सुरेन्द्र उर्फ सुंडाराम पुत्र कालूराम है। घटनास्थल का जायजा लेने के साथ मामले की जांच व आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### पहले रास्ता पूछा, फिर किया हमला

अस्पताल में भर्ती सुंडाराम ने बताया कि वह सुबह घूमने के लिए घर से निकला था। करीब साढ़े छह बजे सुजनपुरा रोड पर वह सुस्ताने के लिए पानी की टंकी के पास बैठ गया। इसी समय एक बाइक पर सवार होकर तीन नकाबपोश युवक आ। जिन्होंने उससे गुणालु गांव जाने का रास्ता पूछा। इस पर जब वह उन्हें रास्ता बताने लगा तभी बाइक सवार एक युवक ने उसके गले पर सर्जिकल ब्लेड से हमला कर दिया। जिससे उसका गला कटने से उसमें से खून बहने लगा। काफी देर बाद उसे लोगों ने संभाल कर अस्पताल पहुंचाया।

### सड़क पर तड़पता रहा घायल, खून से सनी सड़क

सुनसान सड़क होने की वजह से सुंडाराम को करीब 15 मिनट तक किसी ने नहीं देखा। ऐसे में वह खून से लथपथ हालत में सड़क पर तड़पता रहा। इस दौरान काफी खून बहने से सड़क भी पूरी तरह खून से सन गई। पुलिस ने भी मौका मुआयना किया तो सड़क पर काफी खून फैला हुआ था।

### खेती करता है पीड़ित, रंजिश से इनकार

जानकारी के अनुसार सुंडाराम छोटी- मोटी खेती करता है। जिसने किसी से भी कोई रंजिश नहीं होने की बात कही है। तीन बच्चों का पिता सुंडाराम अपनी दो बेटियों की शादी कर चुका है। एक बेटा अभी छोटा बताया जा रहा है।

## श्री रामदेव रामायण कथा व श्री मद भागवत कथा का आयोजन आगामी 19 से 25 जुलाई तक रामदेवरा में आयोजित होगा

### देश भर से आएंगे श्रद्धालु भक्त रामदेवरा

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**रामदेवरा।** परम पूज्य शिवनारायण बाप टीकोंन धाम मध्य प्रदेश के परम सानिध्य में श्री रामदेव रामायण कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन धार्मिक स्थली रामदेवरा रुणिचा में आगामी 19 मई से 25 जुलाई तक आयोजित होगा। इसको लेकर अभी से ही आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई है ।इस कथा में श्रवण करने अलग-अलग स्थानों से हजारों की तादाद में श्रद्धालु भक्तगण भी रामदेवरा पहुंचेंगे। इस आयोजन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां इन दिनों युद्ध स्तर पर की जा रही है। गौरतलब है कि शिवनारायण बाप टीकोंन धाम मध्य प्रदेश के परम सानिध्य में श्री रामदेव रामायण कथा व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। इसमें जाने-माने कथावाचक श्याम देव शास्त्री उत्तर प्रदेश व श्रीमद् भागवत कथा का वाचन सुनील कृष्ण व्यास मध्य प्रदेश के मुखारविंद से होगा। इसके सफल आयोजन के लिए समस्त ग्रामवासी रामदेवरा व तवर समाज के गणमान्य लोग सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भागीदारी रहेगी ।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आनंद स्वामी व डॉ कैलाश गौन मध्य प्रदेश से कथा के दौरान रामदेवरा आएंगे। इसके अलावा अन्य गणमान्य लोग भी रामदेवरा में शिरकत करेंगे। कोविड काल खत्म होने के पश्चात धार्मिक स्थल रामदेवरा में श्रद्धालुओं की आवक बढ़ने लगी है। वही विविध प्रकार के धार्मिक आयोजन भी शुरू होने से स्थानीय लोगों सहित बाबा के भक्तों में भी काफी जोश व उत्साह देखने को मिल रहा है।जिस स्थान पर कथा आयोजित होगी वहां पर साफ सफाई सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य शुरू करवाया जा रहा है। रामदेवरा में भी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन शुरू होने से बाबा के भक्तों में भी काफी जोश व उत्साह देखने को मिल रहा है।

## अज्ञात वाहन नें बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार दोनों युवक गंभीर घायल

### सेतरावा-खनौडी टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा,गंभीर घायलों को किया गया जोधपुर रैफर

**गुरूज्योति पत्रिका/देचू।** सेतरावा कस्बे के फलोदी पचपदरा स्टेट मेगा हाईवे पर जलदाय विभाग कार्यालय के पास बुधवार देर शाम को बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें 108 एंबुलेंस से जोधपुर रेफर किया गया। कार्यवाहक चौकी प्रभारी घेवरराम विश्नोई नें बताया कि मेगा हाईवे पर जलदाय विभाग कार्यालय के पास एक बाइक को किसी अज्ञात वाहन नें टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार विक्रमसिंह पुत्र सवाईसिंह,भगवानसिंह पुत्र पन्नेसिंह राजपूत दोनो निवासी खियासरियां गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सेतरावा अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल अवस्था में 108 एंबुलेंस में पायलट मोहन व ईएमटी हरी के साथ जोधपुर रैफर कर दिया गया। सूचना पर पुलिस नें मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना करके बाइक को अपने कब्जे में लिया।



# खाटू जाने वाली सड़क के हाल बेहाल, पैदल चलना भी हुआ मुहाल

### अधिकारियों ने मुंदी आंखें

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**दांतारामगढ़।** दाता से खाटू श्याम जी जाने वाली सड़क के हाल बेहाल है और वहां से पैदल चलना भी लोगों के लिए मुहाल हो चुका है। जानकारी अनुसार दाता से निकलते ही मात्र 2 किलोमीटर आगे राहोरियो की ढाणी है जहां पर सड़क के बीचो-बीच बारिश का पानी लबालब भर चुका है और वहां से वाहन चालकों सहित वहां रहने वाले ग्रामीणों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि पानी इतना भर चुका है कि पैदल चलना भी मुहाल है। दाता से यह सड़क खाटू तक जाती है और सार्वजनिक निर्माण विभाग के तहत यह सड़क आती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस परेशानी से हर वर्ष बारिश के दिनों में लोगों को इस बुरी हालत से गुजरना पड़ता है और इस परेशानी को झेलना पड़ता है आला अधिकारियों को भी ग्रामीण कई बार अवगत करवा चुके हैं और विभागीय अधिकारी भी इस सड़क से होकर गुजरते हैं साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी इस सड़क से होकर गुजरते हैं लेकिन किसी के भी कान पर जूं तक नहीं रेंगती है। वहीं पास में सरकारी विद्यालय भी है जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चे उस गंदे पानी से होकर स्कूल जाते हैं और परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### गंदे पानी से होकर जाते हैं बच्चे स्कूल

जानकारी अनुसार राहोरियो की ढाणी में सरकारी स्कूल है जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चे पढ़ने आते हैं और बच्चे इस गंदे पानी से होकर गुजरते हैं और फिर विद्यालय पहुंचते हैं ऐसी स्थिति में बच्चों को भी इस गंदे पानी से विद्यालय आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### विभागीय व प्रशासनिक अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

विभाग व प्रशासन की बात करें तो विभागीय अधिकारी व प्रशासनिक आला अधिकारी इस सड़क से होकर रोज गुजरते हैं लेकिन ग्रामीणों द्वारा शिकायत के बावजूद भी और उधर से खुद इस नजारे को देखने के बावजूद भी आज तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका है।

### इनका कहना है

विभागीय अधिकारियों को कई बार कहा जा चुका है लेकिन इस समस्या पर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा।

**विमला देवी, सरपंच, ग्राम पंचायत दांता।**

मामले की हमें जानकारी है और वहां समस्या भी है और इसके लिए हमने रिपोर्ट आगे भेजी हुई है जैसे ही कार्य की स्वीकृति आती है इस काम को करवा दिया जाएगा।

**अल्का, सहायक अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग दांतारामगढ़।**

## सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान साहब के बधावा में उमड़े श्रद्धालु



**गुरूज्योति पत्रिका/बेंगलूर।** राजाजी नगर स्थित गेहलोत भवन के परिसर में गुरुवार को धर्मगुरु दीवान माधवसिंह को तिलक लगाकर गाजा बाजे से बधावा किया गया ।इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने धर्मगुरु दीवान साहब के बधावा में समाज बंधुओं ने पलक पावडे बिछा दिये। समाज बंधुओं ने धर्मगुरु दीवान साहब को साफा व पुष्हार पहनाकर श्रीफल देकर भव्य स्वागत किया गया । समाज बन्धुओं ने आईमाता के जयकारे लगाए ।महिलाएं एवं बालिकाएं कलश धारण कर मंगल गान गाकर दीवान साहब का भव्य बधावा किया । इस कार्यक्रम में हरिराम गहलोत, बलेपेट वडेर अध्यक्ष शोभाराम चोयल, सचिव नारायण लाल लचेटा, एस.एस.आर.लेआट वडेर अध्यक्ष फाउलाल परिहारिया, कर्नाटका महासभा अध्यक्ष विरमराम सोंलकी,महालक्ष्मी लेआउट वडेर के सचिव प्रताप राम गहेलोत, उपाध्यक्ष जगदीश राठौड़, हतिबेले वडेर अध्यक्ष मूलाराम काग, कालुराम आगलेचा, आनेकल वडेर सदस्य चिमनाराम चोयल, घासी समाज के अध्यक्ष गणपत लाल राठौड़, पुनाराम भायल, प्रकाश गेहलोत, हेमाराम लचेटा ,नारायणलाल पवार, नारायणलाल आगलेचा, पोकरराम राठौड़, नेकाराम गेहलोत, गुणेराम गेहलोत सहित बलेपेट वडेर के समस्त गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## गुडा एन्दला पुलिस थाना परिसर में शांति समिति व सी एल जी सदस्यो की बैठक आयोजित कि गई



### अपराधों पर रोकथाम के लिए आमजन का सहयोग जरूरी है: सी ओ चुंडावत

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**रानी।** गुडा एन्दला पुलिस थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति व सी एल जी सदस्यो की बैठक पुलिस उप अघीक्षक ग्रामीण मंगलेश चुंडावत की अध्यक्षता में आयोजित कि गई ।बैठक सी ओ ग्रामीण चुड़ावत ने कहाकि शोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार , साप्रदायिक सौहार्द बिगाडने वालो को बक्शा नही जाएगा । किसी तरह धार्मिक व धर्म एव जाति के प्रति कोई कमेंट व अफवाह फैलाने वाले लोगो के विरोघ कार्रवाई कि जाएगी । ओर आमजन में आपसी सोहार्द व भाईचारा एवं शांति बनाए ररवने को कहा, वही पुलिस का सहयोग करे । थानाथिकारी रविन्द्रपालसिह राजपुरोहित ने कहाकि थाना क्षेत्र के सी एल जी सदस्य अपने भूमिका निभाएं ।बैठक में होने वाले निर्णय को आम जनता तक पहुंचाए । किसी तरह की अपराधिक गतिविधियों की होती है तो इस की सूचना पुलिस को दे ताकि समय रहते हुए तुरन्त अपराध रोक सके ओर पुलिस द्वारा मोबाईल पर निगरानी रखी जा रही है । गलत मैसेज करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई कि जा सकती है । जिसमें सोशल मीडिया पर अफवाहो से सजग रहने की अपील कि गई । इस अवसर पर थानाप्रभारी रविन्द्रपालसिह राजपुरोहित,ए एस आई रिडमलराम विश्नोई राजेन्द्रसिह देवडा, हैडकास्टेबल रामचद गोदारा , रामनिवास विश्नोई,मणिहारी चौकी प्रभारी पुखराज मीणा ,सी एल जी सदस्य चौथाराम मीणा कीरवा , चांचोडी पूर्व सरपंच पीराराम देवासी, धनाराम चौघरी चांचोडी,राजेन्द्र वैष्णव,सोहनसिह राजपुरोहित, शंकरलाल मीणा, गोविन्दराम, गोरधनलाल, शान्ती लाल राजपुरोहित,भरत छीपा, देवीसिह, घेवरराम, पुलिसकर्मी जनादेनसिह, अशोक कुमार, गुन्दोज चौकी से महिपालसिह,घोली देवी, अर्जुन चौहान, ओमाराम, लच्छाराम, महिपाल, हरीश, हमुमानराम, रामभरोस जाट,राजेश,सहित सी एल जी सदस्य व पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## रानोली में भूमाफियाओं की दबंगई, पीड़ित को हत्या की आशंका



◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**दातारामगढ़।** रानोली, क्षेत्र में इन दिनों भूमाफियाओं की दबंगई से आम लोग दहशत में हैं। वहीं पुलिस की सख्त कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। मंगलवार रात शिश्यू सरपंच जयराम खोवाल के फार्म हाउस के दरवाजे पर कैम्पर गाड़ी एवं बाइक पर सवार भूमाफियाओं ने हमला कर दिया। इससे फार्म हाउस का लोहे का मुख्य गेट टूट गया। हमलावरों ने सरपंच के बुजुर्ग पिता की ओर पत्थर भी फेंके एवं जान से मारने की धमकी दे गए। इसके बाद एसएचओ के फोन न उठाने पर सरपंच ने रात को ही एसपी को मामले की सूचना दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के लौटने के बाद आरोपी उसी रात में तीन बार हमला करने का प्रयास करते रहे तथा बार बार पुलिस चक्कर लगाती रही। सरपंच एवं परिजनों ने मामले में माफियाओं की पुलिस एवं प्रशासन की मिली भगत होने का आरोप लगाया है। पीड़ित आरोपियों द्वारा हत्या करने की आशंका से भी परेशान हैं। मामले में सरपंच जयराम खोवाल ने श्योपाल गढ़वाल, मुकेश, ओमप्रकाश गढ़वाल, चरणसिंह मुवाल आदि भूमाफियाओं के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित मोहरीलाल धोबी निवासी शिश्यू ने बताया कि मेरा आवास हमारी पुश्तैनी बंटवारे की भूमि पर स्थित है। कुछ लोग दबंगता से उसे हड़पना चाहते हैं। इससे पहले भी उन्होंने जान से मारने की धमकी दी थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आज फिर वारदात के बाद मामले में जयराम ने श्योपाल गढ़वाल, मुकेश, ओमप्रकाश, चरणसिंह मुआल के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की गंभीरता को लेकर बुधवार को डीएसपी विकास धींधवाल ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया एवं पीड़ित को न्यायोचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## राजपुरोहित 9 से 13 जुलाई तक डूंगरपुर जिले के दौरे पर

### समाज बंधुओं सहित स्थानीय स्नेहीजनों एवं शुभचिंतकों द्वारा किया जाएगा भव्य स्वागत

**गुरूज्योति पत्रिका/मोदरान।** भगवा स्वयं सेवक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष व विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ के सिवाना विधानसभा अध्यक्ष कैलाश सिंह राजपुरोहित शनिवार से डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। विकास जोशी ने बताया कि कार्यक्रमानुसार विप्र सेना अध्यक्ष कैलाश सिंह राजपुरोहित शनिवार को सुबह 10 बजे डूंगरपुर पहुंचेंगे। डूंगरपुर आगमन पर विप्र समाज बंधुओं सहित स्थानीय स्नेहीजनों एवं शुभचिंतकों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। डूंगरपुर में राजपुरोहित सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत कर। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक व जिला कलेक्टर,सहित विभिन्न संघठनो के प्रतिनिधिगण व स्थानिय राजनेताओं से मुलाकत कर प.पू बिमलगच्छाधिपति आचार्य देव श्री प्रद्युम्नविमलसूरीश्वर महाराज (भाई महाराज) के दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे ।

## जिला कलक्टर ने बाकरा व बिबलसर में की जनसुनवाई

### कलक्टर ने जनसुनवाई में दिए ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**गुरूज्योति पत्रिका/मोदरा/जालोर।** सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया गया जिनमें ग्रामीणों से परिवेदनाएं प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान जालोर जिले की बिबलसर , खारा व थलवाड ग्राम पंचायत से वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव कार्यालय जुड़ा रहा। जिला कलक्टर निशांत जैन ने बिबलसर व बाकरा ग्राम पंचायत में आयोजित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में पहुंच आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने विद्युत एवं पेयजल संबंधी शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। उन्होंने बिबलसर में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित हुए दिव्यांग खेतसिंह की विद्युत विभाग से संबंधित समस्या का अधिकारियों को निर्देश देकर मौके पर समाधान किया।

## हैदराबाद से दो हजार किलोमीटर का लंबा सफर पैदल यात्रा करके भादवा माह में रामदेवरा पहुचेंगे 5 युवा श्रद्धालु



### गुरुवार को हैदराबाद से पैदल यात्रा की हुई शुरुआत

### देश में खुशहाली की कामना को लेकर दूसरी बार हैदराबाद से रामदेवरा तक की कर रहे पैदल यात्रा

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**रामदेवरा।** दो साल के पश्चात रुणिचा नगरी रामदेवरा में बाबा रामदेव का भादवा मेला आयोजित होने जा रहा है ।इससे देशभर में रहने वाले बाबा के भक्तों में उत्साह व खुशी देखने को मिल रही है ।दो साल तक लोगों ने पदयात्रा नहीं की थी। वह अपने घर से ही रह कर अपने इष्ट देव के नमन व पूजा स्तुति की थी। लेकिन कोरोना संक्रमण काल खत्म होने के पश्चात इस बार भादवा मेले में आने के लिए देशभर में रहने वाले श्रद्धालुओं ने अभी से ही अपनी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी है। इसी के तहत तेलंगाना राज्य के हैदराबाद से पांच युवा श्रद्धालुओं का एक जत्था करीब दो हजार किलोमीटर का लंबा सफर पैदल तय करके रामदेवरा आने के लिए गुरुवार को रवाना हुए। सभी भक्तगण आगामी भादवा महीने के शुक्ल पक्ष में रामदेवरा पहुंचकर बाबा की समाधि के दर्शन कर देश में अमन चैन व खुशहाली की कामना को लेकर विशेष रूप से पूजा करेंगे।

### हैदराबाद से रामदेवरा की दूसरी पदयात्रा

वर्ष 2018 में भी इन युवा श्रद्धालुओं ने हैदराबाद से रामदेवरा तक पैदल यात्रा करके इस चुनौती को पूरा किया था। वह बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए थे। इन युवाओं के हौसले व हिम्मत को देखते हुए अन्य तीन युवाओं ने भी हैदराबाद से रामदेवरा आने के लिए इनके साथ सफर शुरू किया। यह सभी प्रतिदिन औसतन 30 किलोमीटर का सफर पैदल चलकर पूरा करेंगे और रात्रि में जहां इनको सड़क के किनारे जगह मिलेगी वहीं पर बाबा के भजन कीर्तन सत्संग करते हुए रात्रि विश्राम भी करेंगे। इन सभी युवा श्रद्धालुओ का जोश उत्साह व जज्बा देखते ही बनता है। मुश्किल से मुश्किल भरे सफर को यह सभी सहजता पूर्वक पूरा करने का जतन करते हुए आगामी सितंबर माह में रामदेवरा पहुंचकर बाबा की समाधि के दर्शन करेंगे।

### यह युवा कर रहे पद यात्रा

तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में रहने वाले बाबा के परम भक्त श्याम कछवाहा, आनंद वैष्णव, राजेश शारदा, जुगल वैष्णव ,व भरत वाडगे गुरुवार को हैदराबाद से अपने पदयात्रा शुरू की। बाबा के भजन कीर्तन सत्संग करते हुए सभी भक्त करीब दो हजार किलोमीटर का लंबा सफर सफलतापूर्वक पूरा करके भादवा महीने में रामदेवरा पहुंचकर बाबा की समाधि के दर्शन करने का लक्ष्य रखा है।

## विद्यालय में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**गिड़ा(बाड़मेर)।** आज राज कीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चीबी(गिड़ा) में प्रवेशोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया सभी नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत सत्कार विद्यालय के संस्था प्रधान रामप्रकाश शर्मा एवं अन्य स्टाफ साथियों ने किया। इस मौके पर सभी बच्चों का गुड़ खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया तथा विद्यालय के अध्यापक रमेश कुमार शर्मा ने सभी नव प्रवेशी बच्चों का तिलकार्चन कर स्वागत किया। अन्य स्टाफ साथियों ने माल्यार्पण कर बच्चों का स्वागत किया। विद्यालय के संस्था प्रधान रामप्रकाश शर्मा ने अधिक से अधिक बच्चों का अपने इस विद्यालय में प्रवेश दिलाकर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। विद्यालय के सभी अध्यापकों ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। विद्यालय के अध्यापक रमेश कुमार शर्मा ने राजकीय विद्यालयों में मिलने वाली समस्त प्रकार की सुविधाओं का उल्लेख करते हुए बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ की थीम पर विशेष ध्यानाकर्षण किया। तथा अनामांकित एवं ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा जोड़ने के लिए अपने



नजदीकी सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता जीवाराम डेल्लू विद्यार्थियों को अभिप्रेरित भी किया। जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों का दाखिला सरकारी विद्यालय में हो व शिक्षा से बच्चें जुड़े।इस मौके पर प्रधानाचार्य रामप्रकाश शर्मा,व्याख्याता जीवाराम डेल्लू, व. अध्यापक महावीर सिंह, अध्यापक बाल किशन, सुरेंद्र, मनोज, राजूराम लेगा सहित समस्त स्टॉफगण उपस्थित रहें ।

### इनका कहना है –

शिक्षा का स्तर जितना ही अच्छा होगा तो ही भविष्य स्वर्णिम होगा,बच्चों व उनके अभिभावकों से पुन: अनुरोध है कि आप अधिक से अधिक सरकारी विद्यालय में अपने बच्चों का दाखिला अवश्य करवाएँ और सरकार की कई सुविधाओं से लाभान्वित होवें ।शिक्षा जीवन की धूरी हैं जिनकी पैरवी हमें करनी है।

**रामप्रकाश शर्मा प्रधानाचार्य**
**रा.उ.मा.वि.चीबी (गिड़ा)**
**बाड़मेर**

## फर्ज



मानव पर जब जब संकट आया, तब तब प्रकृति (पर्यावरण) ने उसे बचाया। मानव ने बचने के बाद, जितना नुकसान प्रकृति को पहुंचाया। जो अब तक स्वयं को भी समझ ना आया। कोंख बेच दी उसने नदियों की, कर कर के उत्खनन नदियों का, नदियों को भी रोना आया। काट काट कर सीना अरावली का, रेतीली धरती को उसने ही तो विस्तारित करवाया। कर कर के दूषित नदी, समुद्रों को, आगे चलकर नाक भौं भी उसने ही तो सिकुड़ाई। काट काट कर उसने जंगल, ऊंचे मांले पर अपना महल बनाया। जब जब धरती का तापमान बढ़ता गया। नित नित वर्षा का जल घटता गया। फिर विचलित होकर मानव ने अपना ढोंग रचाया। फिर भी प्रकृति ने अंतिम सांस तक अपना फर्ज निभाया। मानव पर जब जब संकट आया, तब तक प्रकृति (पर्यावरण)ने उसे बचाया।

**कांता मीना**
**लेखिका एवं साहित्यकार**

स्वात्वाधिकारी, मालिक, प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक संतोषचंद्र द्वारा जी.एन.ऑफसेट प्रिंटर्स अंसल प्लाजा के पीछे, स्टेडियम शॉपिंग सेंटर, जोधपुर से मुद्रित एवं विनायक नगर ए, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस, वार्ड नं08 भीनमाल जिला जालौर (राजस्थान) से प्रकाशित। मो.9887894894 TC NO. RAJHIN27936